आवश्यकता है
दैनिक उजाला
हितैषी एक्सप्रेस
हिंदी समाचार पत्र
में उत्तरप्रदेश के
सभी जनपदों से
पत्रकारों की संपर्क
करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 206 | हापुड़, मंगलवार 11 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## अखिलेश ने प्रयागराज में यातायात अव्यवस्था को लेकर योगी सरकार को घेरा

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज में भीषण यातायात जाम के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की और दावा किया कि इससे महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को काफी असुविधा हो रही है। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''प्रयागराज में चतुर्दिक जाम की वजह से न तो खाने-पीने के लिए खाद्यान्न और सब्जी-मसाले उपलब्ध हो पा रहे हैं और न ही दवाई, पेट्रोल-डीजल। इससे प्रयागराज तथा महाकुंभ परिसर व प्रयागराज आने-जाने वाले मार्गों पर फंसे करोड़ों भूखे-प्यासे, थके-हारे श्रद्धालुओं की हालत हर घंटे बद से बदतर होती जा रही है। ये एक अति गंभीर स्थिति है।'' उन्होंने कहा, ''जैसे राज्यों में संवैधानिक तंत्र फेल (नाकाम) हो जाने पर कमान किसी और को दे दी जाती है वैसे ही महाकुंभ में अव्यवस्थाओं का अंबार देखते हुए किस योग्य व्यक्ति को शासन की कमान दे दी जाए। अयोग्य लोग झूठा प्रचार कर सकते हैं, सच्ची व्यवस्था नहीं।'' यादव ने कुछ ही देर बाद 'प्रयागराज महाकुंभ अपडेट' शीर्षक से 'एक्स' पर ही एक अन्य पोस्ट में कहा, ''जाम में फंसे लोग अपने वाहनों में घंटों से कैद हैं। दैनंदिनी जरूरतों, खासतौर पर महिलाओं तक के लिए कोई स्थान नहीं है। जो लोग रास्तों में बेसुध हो रहे हैं, उनकी देखभाल का कोई इंतजाम नहीं है।'' उन्होंने दावा किया, ''श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन की बैटरी खत्म हो गयी है, जिससे



उनका अपने लोगों से संपर्क टूट गया है। संपर्क तथा सूचना के अभाव में लोगों में बेचैनी बढ़ गयी है।'' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''हालात पर काबू पाने के लिए कोई जिम्मेदार मंत्री या व्यक्ति नहीं दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री तो पूरी तरह से नाकाम साबित हो ही चुके हैं साथ ही प्रयागराज से संबंधित उपमुख्यमंत्री और कई जाने-माने मंत्रीगण नदारद हैं। जिन्हें जनता के बीच होना चाहिए था वो घरों में बैठे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जो सिपाही, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी या सफाईकर्मी दिनरात निष्ठापूर्वक भूखे-प्यासे डटे हैं, उनके भोजन पानी की कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। अधिकारी कमरों में बैठकर आदेश तो दे रहे हैं लेकिन जमीन पर नहीं उतर रहे हैं।'' यादव ने कहा, ''प्रयागराज के नगरवासियों को गंदगी, जाम और महंगाई के सिवा कुछ भी नहीं मिला है। सुनने में आया है कि अब भाजपाई, श्रद्धालुओं पर ही ये आरोप लगा रहे हैं कि जब पता है कि हर तरफ बद इंतजामी फैल गयी है कि तो श्रद्धालु आ ही क्यों रहे हैं। कोई प्रदेश में हादसे के मारे लोगों को अपने हाल पर छोड़कर दूसरे प्रदेश में समारोह में शामिल हो रहा है कोई विदेश चला जा रहा है, श्रद्धालुओं का पुरसाहाल कोई है क्या?

'' महाकुंभ मेले में स्नान पर्व के इतर आम दिनों में अनुमान से कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से प्रयागराज की चारों दिशाओं से आने वाले मार्गों पर रविवार को कई कई घंटों का जाम लगा रहा। स्टेशन के बाहर अधिक भीड़ होने से प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन बंद कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह आठ बजे तक 10 लाख कल्पवासियों समेत 46.19 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। पिछले माह महाकुंभ शुरू होने के बाद से अब तक करीब 44 करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रयागराज में महाकुंभ में लगाई पवित्र डुबकी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रयागराज में महाकुंभ पहुंचकर संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उन्होंने तीन बार स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और मां गंगा की पूजा की। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहे। स्नान के बाद राष्ट्रपति अक्षयवट और लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह 9.30 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। महाकुंभ का आज 29वां दिन है, और अब तक 43.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। सोमवार सुबह 10 बजे तक ही 63 लाख लोग संगम में स्नान कर चुके थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने महाकुंभ में स्नान किया। इससे पहले, 1954 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में स्नान किया था। प्रयागराज में जबरदस्त भीड़ उमड़ी हुई है, जिससे अरैल घाट से संगम तक नावों का संचालन बंद कर दिया गया है। संगम रेलवे स्टेशन को भी 14 फरवरी तक बंद रखा गया है। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ नियंत्रण के लिए आपातकालीन क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया है। वाराणसी में भी महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

काशी विश्वनाथ मंदिर जाने वाली सभी सड़कों पर भक्तों का रेला उमड़ा हुआ है। गोदौलिया से मंदिर और मंदिर से चौक मैदागिन तक श्रद्धालुओं का विशाल हुजूम दिखाई दे रहा है। वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस-अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। दो देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने और अमेरिका में अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री ने फ्रांस और अमेरिका की यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर वह 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। वह विश्व के नेताओं और वैश्विक तकनीकी सीईओ की एक सभा है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई को लेकर एआई प्रौद्योगिकी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा का द्विपक्षीय खंड मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 क्षितिज रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा।

हम फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ऐतिहासिक फ्रांसीसी शहर मार्सिले की यात्रा भी करेंगे और अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत वैश्विक भलाई को लेकर ऊर्जा का दोहन करने के लिए फ्रांस सहित भागीदार देशों के संघ का सदस्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को माजर्गेस युद्ध स्मारक जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि फ्रांस से वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने के लिए उत्सुक हैं। यद्यपि यह उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत और जनवरी में शपथ ग्रहण के बाद हमारी पहली मुलाकात होगी, लेकिन मुझे उनके पहले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बनाने में साथ काम करने की बहुत ही मधुर याद है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके पहले कार्यकाल में हमारे सहयोग की सफलताओं को आगे बढ़ाने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन के क्षेत्रों सहित हमारी साझेदारी को और बढ़ाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने का अवसर होगा। हम अपने दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य को आकार देंगे।

## केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री मान तथा पार्टी विधायकों से मंगलवार को करेंगे मुलकात

चंडीगढ़ । आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्य के पार्टी विधायकों के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में 'आप' की हार के दो दिन बाद यह बैठक हो रही है। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी लगभग 27 साल बाद सरकार बनाने जा रही है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीट के लिए पांच फरवरी को हुए चुनाव में



भाजपा ने 48 सीट जीतीं, जबकि 'आप' 22 पर सिमट गई तथा कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई। चुनाव से पहले, मुख्यमंत्री मान, कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों तथा विधायकों सहित 'आप' की पूरी पंजाब इकाई ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए दिल्ली में आक्रामक प्रचार किया था। पार्टी के स्टार प्रचारक रहे मान ने 'आप' उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने के वास्ते दिल्ली में रोड शो तक किया था। पंजाब विधानसभा की 177 सीट में 92 सीट जीतकर 'आप' ने 2022 में सरकार बनाई थी।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस, एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में

नई दिल्ली । दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 0.5 डिग्री कम है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राजधानी में सुबह साढ़े आठ बजे आद्रता का स्तर 97 प्रतिशत रहा। आईएमडी ने बताया कि दिन में अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 263 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है।

मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है

लेकिन वायु गुणवत्ता के स्तर में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है।

## दिल्ली की हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार – ममता बनर्जी

कोलकाता । दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार है। अगर कांग्रेस आप के साथ समन्वय बनाकर चलती तो दिल्ली में इस तरह के नतीजे नहीं आते। साथ ही उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर भी तंज कसा। कहा कि अगर आप हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करती तो वहां पर भी परिणाम अलग हो सकते थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीत लीं हैं, जबकि आप को 22 सीटें मिलीं हैं। इस चुनाव में



कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद तो ममता बनर्जी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया, लेकिन सोमवार को विधानसभा परिसर में तृणमूल के विधायक दल की बैठक में उन्होंने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ प्रतिशत वोटों के अंतर से ही दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। अगर कांग्रेस आप के साथ गठबंधन करती तो ऐसा नहीं होता। कांग्रेस का महज पांच प्रतिशत वोट हासिल करना बेहद चिंताजनक है। इस दौरान ममता बनर्जी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया, जहां भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिली थीं। वहीं केजरीवाल की पार्टी हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इस संदर्भ में ममता ने कहा कि अगर हरियाणा में आप कांग्रेस के साथ तालमेल बिठाकर चलती तो नतीजे कुछ और हो सकते थे।

## प्रियंका गांधी ने वायनाड में ग्रामीणों की चिंता दूर करने में पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन



मलप्पुरम (केरल) । कांग्रेस महासचिव और वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में वन से सटे गांवों में ग्रामीणों से बातचीत की और क्षेत्र में बढ़ते मानव-पशु संघर्ष पर उनकी चिंताओं को दूर करने में उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने मुथेदम के उचक्कुलम बस्ती में हाथियों को आवासीय क्षेत्रों में आने से रोकने के लिए वर्षों पहले खोदे गये गड्ढों की खराब दशा पर चिंता व्यक्त की। इन गड्ढों का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने वहां उपस्थित वन अधिकारियों से कहा कि आवारा हाथियों को रोकने के लिए ये गड्ढे अपर्याप्त हैं और स्थानीय निवासियों की चिंताएं जायज हैं। प्रियंका जब सरोजिनी नामक एक महिला के घर गयी थीं तब ग्रामीणों ने उनसे गड्ढों की खराब स्थिति के बारे में शिकायत की थी। उसके बाद उन्होंने क्षेत्र का दौरा किया। सरोजिनी की हाल में एक जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई थी।

प्रियंका ने जब चार दशक पुराने इन गड्ढों के बारे में लोगों की चिंता सुनी तब उन्होंने उन्हें देखने पर जोर दिया और वह फिर मौके पर गयीं। उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि कई स्थानों पर गड्ढे मिट्टी से ढक गए हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि समय पर रखरखाव न होने के कारण जनता का विश्वास कम हुआ है। सांसद ने क्षेत्र में एक सुरक्षात्मक दीवार खड़ी करने तथा रोजगार गारंटी योजना के तहत मिट्टी हटाकर तथा पेड़-पौधों को साफ करके मौजूदा गड्ढों की गहराई बढ़ाने का सुझाव दिया।

## मजबूत बनकर हम बेहतर विश्व व्यवस्था के लिए काम कर सकते हैं- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

बेंगलुरु । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से कमजोर रहकर कभी भी शांति प्राप्त नहीं की जा सकती है, केवल मजबूत होकर ही हम बेहतर विश्व के लिए काम कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु में सोमवार को 'एयरो इंडिया 2025' का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। वैश्विक अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एक बड़ा देश होने के नाते भारत हमेशा शांति और स्थिरता का समर्थक रहा है। ''हमारे लिए भारत की सुरक्षा या शांति एक दूसरे से अलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा विषय हैं और राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। विदेशों से हमारे मित्रों (एयरो इंडिया में) की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि हमारे साझेदार एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।'' एयरो इंडिया 2025 का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने आज की अनिश्चितताओं और उभर रही नई चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। ''सुरक्षा के लिहाज से कमजोर रहकर कभी शांति हासिल नहीं की जा सकती। शांति का वट वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। मेरा मानना है कि हम सभी को एक साथ मजबूत होना होगा, तभी हम शांति सुनिश्चित कर पाएंगे। मजबूत होकर ही हम एक बेहतर विश्व व्यवस्था के लिए काम कर पाएंगे।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के इस माहौल में भारत एक ऐसा बड़ा देश है जहां शांति और समृद्धि है। उन्होंने कहा, ''अगर आप भारत के इतिहास का आकलन करेंगे, तो पाएंगे कि हमने न तो कभी किसी देश पर हमला किया है और न ही हम किसी शक्ति संघर्ष में शामिल रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक बड़े देश के तौर पर भारत हमेशा शांति और स्थिरता का हिमायती रहा है और जब मैं यह कह रहा हूं, तो यह सिर्फ कहने की बात नहीं है, बल्कि यह हमारे मूल आदर्श की बात है।'' एशिया की सबसे बड़ी 'एयरोस्पेस' और रक्षा प्रदर्शनी माने जाने वाले 'एयरो इंडिया' के 15वें संस्करण का उद्घाटन सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां येलहांका वायुसेना अड्डे पर किया। एयरो इंडिया के विषय 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' की ओर इशारा करते हुए सिंह ने कहा, ''मेरा मानना है कि इससे अधिक उपयुक्त विषय कोई और हो ही नहीं सकता। यह हमें बताता है कि यह 'एयरो शो' एक अरब से अधिक की आबादी वाले हमारे देश में एक अरब अवसरों को मूर्त रूप देने के अवसर से कम नहीं है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि आज से शुरू हो रहे एयरो इंडिया के कई उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा, ''एयरो इंडिया का पहला महत्वपूर्ण उद्देश्य न केवल हमारी औद्योगिक क्षमता बल्कि हमारी तकनीकी प्रगति को भी पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है। यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' सिंह ने कहा कि इससे भी बड़ा उद्देश्य मित्र देशों के साथ हमारे सहजीवी संबंधों को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज एयरो इंडिया के मंच पर दुनिया भर से सरकारी प्रतिनिधि, उद्योग जगत के दिग्गज, वायुसेना के अधिकारी, वैज्ञानिक, रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, स्टार्ट-अप, शिक्षाविद और विभिन्न अन्य हितधारक एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, ''यह संगम हमारे भागीदारों को एक साथ लाने में प्रभावी होगा, जिससे अंततः हम सभी को लाभ होगा।'' उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ में तीन नदियों के त्रिवेणी संगम पर बड़ी संख्या में लोगों के डुबकी लगाने का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ''मुझे लगता है कि आज से एयरो इंडिया के रूप में एक और 'महाकुंभ' शुरू हो रहा है। जहां एक ओर प्रयागराज कुंभ 'आत्म-खोज का कुंभ' है, वहीं दूसरी ओर एयरो इंडिया का महाकुंभ 'अनसुंधान का कुंभ' है।''

## संपादकीय

# रविवार को करें सूर्यदेव का व्रत एवं पूजन और पायें शुभ फल



जो लोग अच्छे, स्वायसथ्यब और घर में सुख समृद्धि की कामना करते हैं उन्हेंर पूरी श्रद्धा के साथ रविवार का व्रत एवं पूजन करना चाहिए। इस दिन सूर्य देव की पूजा का विधान है। इसलिए नहाने के बाद सूर्यनारायण को तीन बार अर्घ्य देकर प्रणाम करें। सूर्य के मंत्रों का श्रद्धापूर्वक जाप करें, और आदित्य हृदय का पाठ करें। पूजा के बाद भगवान सूर्यदेव का स्मारण करते हुए व्रत का संकल्पक लें। इस व्रत में बिना तेल और नमक के भोजन करना चाहिये। मान्ययता है कि एक वर्ष तक नियमित रूप से उपवास रखने के पश्चात व्रत का उद्यापन करने वाला जीवन में सभी सुखों को भोगता है और मृत्यु बाद मोक्ष को पाता है। इस दिन संध्या के समय भी सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम करना उत्त्म होता है। कहते हैं कि रविवार को सूर्यदेव के नाम का उपवास कर उनकी आराधना करने वाले की सारी द्ररिद्रता दूर हो जाती है। रविवार के व्रत की कथा इस प्रकार है। रविवार को सूर्योदय से पहले शुद्ध होकर स्नान आदि करने के बाद इस कथा का श्रवण करना चाहिए। इस प्रकार है रविवार व्रत कथा रविवार की कथा में बताया गया है कि एक बुढ़िया हर रविवार प्रातत्काल उठकर नहा धोकर अपने घर आंगन को गाय के गोबर से लीपती फिर सूर्य देव की पूजा करती और उन्हें भोग लगाकर ही भोजन करती थी। बुढ़िया के पास गाय नहीं इसलिये पड़ोसियों के यहां से गाय का गोबर लाती। उसकी इस आस्‍ज्ञा़ से उस पर सूर्यदेव के अनुग्रह से उसका घर धन धान्य से संपन्न रहने लगा। बुढ़िया के दिन फिरते देख उसकी पड़ोसन जलने लगी। उसने अपनी गाय को सामने से हटा दिया जिससे बुढ़िया को गोबर नहीं मिला और घर की लिपाई नहीं हुई और बुढ़िया ने कुछ नहीं खाया और निराहार रही। सपने में सूर्य देव ने उससे पूछा कि आज आपने मुझे भोग क्यों नहीं लगाया। बुढ़िया ने कहा कि उसके पास गाय नहीं है और वह पड़ोसन की गाय का गोबर लाकर लिपाई करती थी। पड़ोसन ने अपनी गाय अंदर बांध ली जिस कारण वह घर की लिपाई नहीं कर सकी और इसीलिए ना भोजन बना पाई ना भोग लगा सकी। इस पर सूर्य देव ने कहा वे उनकी श्रद्धा व भक्ति से बहुत प्रसन्न है और उसे एक इच्छार पूर्ण करने वाली गाय दी। बुढ़िया बड़ी श्रद्धा के साथ गाय की सेवा करने लगी। पड़ोसन की ईर्ष्या  तब और बढ़ गई जब उसने देखा कि गाय सोने का गोबर कर रही है। बुढ़िया के वहां ना होने का फायदा उठा कर वो सोने का गोबर उठा लाई और सामान्य  गोबर उसके स्थाकन पर रख दिया। अब वो रोज ही ऐसा करती और सोने की मदद से अमीर होती गई। तब सूर्य देव ने सोचा कि उन्हें ही कुछ करना पड़ेगा। उन्होंने शाम को तेज आंधी चलवा दी, आंधी के कारण बुढिया ने गाय को अंदर बांध दिया सुबह उसने देखा कि गाय तो सोने का गोबर करती है। फिर वह हर रोज गाय को अंदर बांधने लगी। जब पड़ोसन को सोना नहीं मिलार तो जल कर उसने नगर के राजा को बता दिया कि बुढ़िया के पास सोने का गोबर करने वाली गाय है। राजा ने अपने सैनिक भेजकर बुढ़िया के यहां से गाय लाने का हुक्म दिया। सैनिक गाय ले आये। देखते ही देखते गोबर से सारा महल भर गया, और बदबू फैल गई। राजा को सपने में सूर्य देव ने दर्शन दे कर कहा कि मूर्ख यह गाय उस वृद्धा के लिये ही है।

वह हर रविवार नियम पूर्वक व्रत रखती है। इस गाय को वापस लौटाने में ही तुम्हारी भलाई। राजा ने बुढ़िया को बुलाकर बहुत सारा धन दिया और क्षमा मांगते हुए सम्मान पूर्वक वापस भेजा। साथ पड़ोसन को दंडित किया। इसके अलावा उसने पूरे राज्य में घोषणा करवाई की आज से सारी प्रजा रविवार के दिन उपवास रखेगी व सूर्य देव की पूजा करेगी। उसके प्रताप से राजा का राज्य भी धन्य धान्य से संपन्न हुआ और प्रजा में सुख शांति रहने लगी।

# 11 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.05 प्रात-
सूर्यास्त- 06.16 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 05.16 सायं
चंद्र अस्त- 06.54 प्रात-
चंद्रमा- कर्क राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

-विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-13 पूर्णिमांत महीना माघ-29 पक्ष-शुक्ल पक्ष 14, तिथि-चतुर्दशी, नक्षत्र-पुष्य सायं-06.34 तक बाद में आश्लेषा,योग-आयुष्मान प्रात- 09.06 तक बाद में सौभाग्य, करण-वणिज सायं- 06.55 तक बाद में विष्टी,राहु काल दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 12.00 से 01.30 बजे तक,यमगंड प्रात-09.00 से 10.00 बजे अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.18 से 01.03 तक, दुमुहूर्त दोपहर- 09.09 से 10.04 तक व 11.23 से 12.15 तक,अमृत काल दोपहर- 12.00 से 01.39 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात-05.28 से 06.16 तक।

# 11 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- उपलब्धि का समय है, बिगड़े कार्य बनेंगे, नए रोजगार, व्यवसाय से लाभ मिलेगा, बीमा एजेंट, टेक्नीकल
कार्य में है तो प्रगति करेंगे, न्यूरो सबंधित समस्या का ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-79

वृषभ-ज़रूरी लोग मिलने आ सकते है, जुड़े धन का हिसाब किताब देखेंगे, फैशन के क्षेत्र में शिक्षा ले पाएंगे, सेना या पुलिस क्षेत्र में जाने की तैयारी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-74

मिथुन- व्यवसाय की प्लानिंग सफल होगी, लोगों से जुड़ने का अवसर मिलेगा, शेयर मार्केट में इनवेस्ट कर सकते है, राजनीति में विरोधी से आगे निकलेंगे।
भाग्य प्रतिशत-79

कर्क- जमीन लेने की योजना बनेगी, बेंक कार्य में सावधानी रखें, बीडीएस डॉक्टर बनने का मार्ग प्रशस्त होगा, एमबीए में अच्छी प्लेसमेंट मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-76

सिंह- ब्याज़ पर पैसा चला सकते है, कोई भूमि, दुकान खरीद सकते है, कला के क्षेत्र से लाभ होगा, कुछ जोशीला कार्य करना चाहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-77

कन्या- पैसे का रिटर्न मिलेगा, नजदीकी रिश्तेदार बीमार हो सकता है, कोई सरकारी परीक्षा दोबारा दे सकते है, बीएड, बीकॉम की शिक्षा लेने पर विचार करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-64

तुला- थोड़ा एग्रेसिव मूड रह सकता है,  बनता कार्य अटक सकता है, व्यवसाय के लिए लोन अप्लाई कर सकते है, जरूरी शौपिंग कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-54

वृश्चिक- विवाद हो सकता है सम्भालना भी पड़ेगा, सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे, प्रशासनिक अधिकारी से मिलेंगे, लेडीज सम्बन्धित व्यवसाय उत्तम चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-77

धनु- किसी की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या सम्भालनी पड़ेगी, कोई केस है तो उससे भी दिक्कत हो सकती है, ज्योतिषी की सलाह ले सकते है, खिलाड़ी के लिए अच्छा समय है।
भाग्य प्रतिशत-53

मकर- घर में तनावपूर्ण माहौल बन सकता है, विवाद से दूर रखें, नया सम्बंध जुड़ा है तो उसे गंभीरता से चलाये, आगे जॉब करें या फैसला सोच समझकर ले।
भाग्य प्रतिशत-51

कुम्भ- फैक्ट्री, दुकान घर से सम्बन्धित मसले सुलझने की स्थिति में आयेंगे, आमदनी की शुरुआत होगी, बेवजह के खर्चे रोकने होंगे, मन में कोई कार्य करने का विचार आयेगा।
भाग्य प्रतिशत-79

मीन- स्वास्थ्य में सुधार होना शुरू होगा ईलाज बीच में ना छोड़े, संपर्क काम आयेंगे मदद भी मिलेगी, संतान की मेहनत बढ़ेगी, पानी की कमी ना होने दे।
भाग्य प्रतिशत-72

# विक्की कौशल 'छावा' के प्रमोशन के लिए कोलकाता पहुंचे



मुंबई । अभिनेता विक्की कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं और इसके तहत वह पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंचे। विक्की कौशल ने यहां मशहूर येलो टैक्सी की सवारी की और बंगाली भाषा में दर्शकों से फिल्म देखने की अपील की। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कोलकाता की सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं। अपने वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, आनंद के शहर (सिटी ऑफ जॉय) से एक संदेश! वीडियो में विक्की बंगाली में कहते हैं, नमस्कार कोलकाता, मेरी फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में आ रही है। आप परिवार और दोस्तों के साथ मेरी फिल्म देखने जरूर आइएगा। इस बार वेलेंटाइन नहीं, छावा दिवस मनाइए। कोलकाता में विक्की कौशल ने न केवल शहर की प्रसिद्ध येलो टैक्सी का अनुभव लिया, बल्कि रसगुल्ला खाते और छात्रों के साथ मस्ती करते भी नजर आए। उन्होंने जेआईएस यूनिवर्सिटी में छात्रों से मुलाकात की और अपनी फिल्म को लेकर उनसे बातचीत की। कोलकाता दौरे से पहले विक्की कौशल महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक घृष्णेश्वर मंदिर पहुंचे थे, जहां उन्होंने भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया। मंदिर में पूजा-पाठ करते हुए उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस दौरान वह मरून रंग का कुर्ता और सफेद पायजामा पहने नजर आए, जबकि मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने पारंपरिक अंगवस्त्र धारण किया था। माथे पर पीले रंग का त्रिपुंड लगाए हुए विक्की पूरी तरह आध्यात्मिक भाव में दिखे। फिल्म 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है, जिसमें विक्की कौशल के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। विक्की कौशल फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि रश्मिका मंदाना महारानी येसुबाई के किरदार में नजर आएंगी। इसके अलावा, फिल्म में अक्षय खन्ना भी एक अहम भूमिका में हैं। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में छावा का दूसरा गाना 'आया रे तूफान' रिलीज किया, जिसे एआर रहमान ने न केवल कंपोज किया है, बल्कि गाया भी है। इस गाने को विक्की कौशल और निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने संभाजीनगर में लॉन्च किया। फिल्म 'छावा' इस साल 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# डांस मूव्स के साथ आग लगा दी अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर ने

मुंबई । बालीवुड फ़िल्म  मेरे हसबैंड की बीवी के निर्माता ने फ़िल्म का सिचुएशनल कॉमेडी गाना गोरी है कलाइयां रिलीज़ किया है, और यह बहुत ही फ्रेश और एनर्जेटिक गाना है। इस गाने में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत हैं, जिन्होंने कॉमेडी के साथ साथ सीज़न का सबसे बेहतरीन पार्टी सॉन्ग में अपने डांस मूव्स के साथ आग लगा दी है।  हाल ही में मेरे हसबैंड की बीवी का ट्रेलर रिलीज़ किया गया था जिसने नेटिज़न्स को हंसने पर मजबूर कर दिया है, दर्शकों ने इसके दमदार सीन, सटीक चुटकुलों और लव सर्कल एलिमेंट की खूब सराहना की। फिल्म में भूमि और रकुल के बीच नोक झोक होती हुई नज़र आती है, जो वीडियो में एक-दूसरे को परेशान करती नज़र आ रही हैं। अर्जुन का प्यारा अवतार लोगों को काफी पसंद है, लेकिन दो महिलाओं द्वारा उसे परेशान किए जाने के बाद भी वह बहुत मिलनसार दिखाई देते है। यह गाना बीवी नंबर 1, नो एंट्री, साजन चले ससुराल की भावना को दर्शाता है। गोरी है कलाइयां में हाल ही के हुकस्टेप्स निश्चितरूप से लोगों को पसंद आएंगे। इस गाने के बारे में बात करते हुए मेरे हसबैंड की बीवी के निर्देशक मुदस्सर अजीज ने कहा, हमारा विचार दर्शकों को उन यादगार फिल्मी गानों की भावना से रूबरू कराना था जो हिंदी सिनेमा की पहचान हैं। मुझे हमेशा से ये गाने पसंद रहे हैं और मुझे यह करने का मौका मिला क्योंकि मेरे हसबैंड की बीवी उसी शैली की फिल्म है। मेरे हसबैंड की बीवी का गाना गोरी है कलाइयां बादशाह और कनिका कपूर ने गाया है, जबकि इसे अक्षय और आईपी की जोड़ी ने कंपोज किया है। गोरी है कलाइयां के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए बादशाह ने कहा, गोरी है कलाइयां इस सीजन का सबसे बेहतरीन गाना है। यह जोशीला है, उत्साहपूर्ण है और इसमें बहुत ही फिल्मी वाइब है। इस गाने पर काम करते हुए मुझे बहुत मजा आया और मैं दर्शकों को भरोसा दिलाता हूं कि गोरी है कलाइयां आपको झूमने पर मजबूर कर देगा! कनिका कपूर ने कहा, कनिका कपूर ने कहा, काफी समय हो गया है जब से हमने कोई पार्टी एंथम बनाया है। 2025 की शुरुआत एक ऐसे गाने से करना बेहतर होगा जो खुद में पार्टी स्टार्टर हो! गोरी है कलाइयां वह गाना है जिसका हम इंतजार कर रहे थे और इसमें आपके मूड को बेहतर बनाने के लिए सभी तत्व मौजूद हैं! संगीतकार अक्षय और आईपी ने कहा, गोरी है कलाइयां एक बेहतरीन डांस ट्रैक है - नए जमाने के तत्वों और अनूठी लय का मिश्रण जो आपको पूरी रात थिरकने पर मजबूर कर देगा। अपनी संक्रामक वाइब और फील-गुड एनर्जी के साथ, यह पार्टी एंथम निश्चित रूप से आपके मूड को बेहतर बनाएगा और जश्न की शुरुआत करेगा! यह ट्रैक दिग्गज बप्पी लाहिड़ी, लता मंगेशकर, शब्बीर कुमार और अंजान को श्रद्धांजलि देने का हमारा विनम्र प्रयास भी है।

निर्माता जैकी भगनानी ने साझा किया, जब भी आपका रेट्रो गेम चालू हो, तो यह आपकी प्लेलिस्ट में शामिल होने वाले शीर्ष 10 गानों में से एक है। मैं इस बात से बहुत खुश हूं कि यह फिल्म जिस तरह से बनी है, उससे मैं बहुत खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसका आनंद लेंगे। मेरे हसबैंड की बीवी इस सीजन की एक बेहतरीन कॉमेडी फिल्म है, जो आपको दिल खोलकर हंसाने के लिए तैयार है। जहां अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत और भूमि पेडनेकर दर्शकों को प्रेम चक्र की सैर कराने के लिए तैयार हैं, वहीं उनके साथ हर्ष गुजराल, शक्ति कपूर और डिनो मोरिया भी हैं। मेरे हसबैंड की बीवी का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है, जिन्होंने पति पत्नी और वो और खेल खेल में के बाद भी लोगों को हंसाने का काम जारी रखा है।

# पानी पीते समय जल्दबाजी मत करो - अदा शर्मा



मुंबई । एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने फैंस को एक दिलचस्प और जरूरी सबक सिखाया पानी पीते समय जल्दबाजी मत करो! अदा शर्मा सोशल मीडिया पर अपने मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह जो कुछ भी पोस्ट करती हैं, उसमें मनोरंजन का तड़का जरूर होता है। अदा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह स्टनिंग लुक में नजर आ रही थीं। लेकिन इन तस्वीरों में एक दिलचस्प ट्विस्ट था— उनके आउटफिट पर पानी के दाग साफ दिख रहे थे। उन्होंने इस बारे में खुद मजाकिया अंदाज में लिखा, पानी पीना बहुत जरूरी है, खुद को हाइड्रेट रखना चाहिए। लेकिन अगर जल्दी-जल्दी पानी पीओगे, तो ड्रेस पर गिर जाएगा! और अगर आप डूबते सूरज के साथ फोटो लेना चाहते हैं, तो आपके पास दाग सुखाने का समय नहीं होगा। अदा ने आगे बताया कि वह चाहतीं तो फोटोशॉप की मदद से इन दागों को हटा सकती थीं, लेकिन उन्होंने इसे ऐसे ही रखना बेहतर समझा। उन्होंने लिखा, जिंदगी ऑप्शन्स के बारे में है और मैंने डूबते सूरज को चुना। ठीक है, बाय! पी.एस. हर फोटो में कम से कम एक कौवे का होना जरूरी है! उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैंस ने इसे खूब पसंद किया। इसके अलावा, अदा ने हाल ही में एक मजेदार वीडियो भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने फिल्म कुछ कुछ होता है के फेमस डायलॉग प्यार दोस्ती है को अपने अनोखे अंदाज में पेश किया। इस वीडियो में अदा अपने फॉलोअर्स को एक गिलहरी और एक तोते की जोड़ी से मिलवाती नजर आईं, जो उन्हें सिर्फ दोस्त से कहीं ज्यादा लग रहे थे। उन्होंने हंसी-हंसी में लिखा, जब आपकी डेट आपसे ज्यादा आपकी मिठाई में दिलचस्पी रखती है! वर्कफ्रंट की बात करें तो अदा शर्मा जल्द ही महेश भट्ट की फिल्म तुमको मेरी कसम में नजर आने वाली हैं। फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# एक्टर नहीं बनते तो एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर ठीक करते ऋतिक रोशन



मुंबई । साल 2000 में सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म कहो ना प्यार है से की। इस फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। ऋतिक रोशन के पिता राकेश रोशन खुद एक अभिनेता और निर्देशक रह चुके हैं, जिन्होंने अपने करियर में कई संघर्षों का सामना किया। वे नहीं चाहते थे कि ऋतिक भी उसी कठिन रास्ते से गुजरें। इसी सिलसिले में मशहूर अभिनेता और लेखक कादर खान ने उन्हें सलाह दी थी कि यदि ऋतिक स्पेशल इफेक्ट्स में रुचि रखते हैं, तो उन्हें मुंबई के भागुभाई पॉलिटेक्निक कॉलेज में दाखिला लेना चाहिए। ऋतिक ने इस घटना को याद करते हुए बताया कि जब उनके पिता ने यह निर्णय सुनाया तो वे बेहद हैरान हो गए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था कि जब उन्हें बताया गया कि इस कॉलेज में एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर ठीक करना सिखाया जाएगा, तो वे चौंक गए। हालांकि, ऋतिक ने अपने सपनों के साथ कोई समझौता नहीं किया और अपनी मेहनत और लगन से बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई। कहो ना प्यार है की जबरदस्त सफलता के बाद वे सुपरस्टार बन गए, लेकिन करियर की राह इतनी आसान नहीं थी। शुरुआती सफलता के बाद ऋतिक को लगातार कई असफल फिल्मों का सामना करना पड़ा, जिससे वे मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगे। अभिनेत्री अमीषा पटेल ने भी एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उस दौर में ऋतिक काफी चिंतित रहते थे।

इस कठिन दौर के बावजूद ऋतिक ने हार नहीं मानी और कोई मिल गया, धूम 2, जोधा अकबर जैसी फिल्मों के जरिए अपनी शानदार वापसी की। आज वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता बल्कि भारत के सबसे फिट और हैंडसम स्टार्स में से एक माने जाते हैं।

ऋतिक की यह कहानी दर्शाती है कि अगर व्यक्ति में जुनून और मेहनत करने की इच्छाशक्ति हो, तो वह किसी भी चुनौती को पार कर सकता है। बताया जा रहा है कि फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें अभिनय के अनिश्चित भविष्य को लेकर आगाह किया था और एक बैकअप प्लान तैयार रखने की सलाह दी थी।

# रोहित ने स्वीकार किया, रन बनाना मुश्किल होता है, भले ही यह आसान लगता हो



कटक । इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में शतक बनाकर फॉर्म में वापसी करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इसे एक अन्य पारी करार दिया लेकिन साथ ही स्वीकार किया कि रन बनाना जितना आसान लगता है वह उतना आसान नहीं होता है। रोहित ने 90 गेंद पर 119 रन बनाए जिसमें 12 चौके और सात छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने दूसरे वनडे में चार विकेट से जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए वीडियो में रोहित ने कहा, ''जब आप इतने बरसों से खेल रहे होते हैं और आपने ढेर सारे रन बनाए हों तो इसके कुछ मायने होते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं लंबे समय से खेल रहा हूं और मैं जानता हूं कि मुझसे क्या उम्मीद लगाई जा रही है। इसलिए यह मैदान पर उतरकर अपना स्वाभाविक खेल खेलने से जुड़ा है और मैंने आज (रविवार) यही किया।''

रोहित का यह वनडे क्रिकेट में अक्टूबर 2023 के बाद पहला शतक था। इस दौरान उन्होंने 13 मैच खेले जिसमें पांच अर्धशतक लगाए। अगर सभी प्रारूप की बात करें तो यह मार्च 2024 के बाद उनका पहला सैकड़ा है। उन्होंने कहा, ''मेरे दिमाग में केवल यही बात थी कि मुझे जिस तरह से बल्लेबाजी करनी चाहिए मैं वैसा ही करूंगा। एक या दो पारियों से मेरा नजरिया नहीं बदलेगा। यह भी एक अन्य पारी की तरह थी।'' रोहित ने हालांकि स्वीकार किया कि पूरी प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझने के बावजूद फॉर्म में वापसी करना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा, ''आपने कुछ अच्छा किया होगा तभी आपने इतने अधिक रन बनाए हैं। आपको केवल इस मानसिकता में लौटने की जरूरत होती है क्योंकि आप जानते हैं कि रन कैसे बनाए जाते हैं।''रोहित ने कहा, ''रन बनाना उतना आसान नहीं होता है जितना कि लगता है। लेकिन मैं खेल का पूरा आनंद ले रहा था और आप इसी के लिए खेलते हो। मैंने किसी अन्य चीज की तुलना में खेल का अधिक आनंद लिया।'' उन्होंने कहा, ''आपको अपनी भूमिका निभानी पड़ती है। हमारा काम मैदान पर उतर कर खेलना है। जब आपको लगता है कि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया तो यह काफी मायने रखता है।''

# मैंने अपनी जिंदगी में काफी कुछ झेला है- सामंथा रुथ प्रभु

मुंबई । मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी जिंदगी के कुछ पहलुओं को लेकर खुलकर बात की।  एक इंटरव्यू दौरान सामंथा से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐसे लोगों से जलन होती है जो अपनी जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं। इस पर उन्होंने कहा, मैंने अपनी जिंदगी में काफी कुछ झेला है। इसलिए मैं इस पर ज्यादा नहीं सोच सकती। सामंथा ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें जलन की कोई भावना नहीं होती। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह मानती हैं कि जलन हर बुराई की मुख्य वजह होती है, और यही कारण है कि वह इस भावना से बचने की कोशिश करती हैं। सामंथा ने इस धारणा को भी खारिज किया कि एक महिला की सक्सेस उसके मैरिज लाइफ पर निर्भर करती है। वह चाहती हैं कि लोग यह समझें कि शादी और रिश्ते के बावजूद एक महिला की सफलता की अपनी पहचान होती है। सामंथा और नागा चैतन्य की शादी 2017 में हुई थी, लेकिन तीन साल बाद, दोनों ने एक-दूसरे से अलग होने का निर्णय लिया। 2021 में दोनों ने अपने फैंस को अपनी अलगाव की जानकारी दी, और अब दिसंबर 2024 में नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला से शादी कर ली है। सामंथा की इस ईमानदारी से भरी प्रतिक्रिया ने उन्हें और भी ज्यादा सराहनीय बना दिया है, और यह दर्शाता है कि वह अपनी जिंदगी में सकारात्मकता बनाए रखते हुए आगे बढ़ने पर विश्वास करती हैं। बता दें कि सामंथा के एक्स-हस्बैंड नागा चैतन्य ने हाल ही में एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला संग दूसरी शादी रचाई है, और इस बीच सामंथा ने मूव-ऑन और जलन के बारे में अपनी राय साझा की।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान जारी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत आज दिनांक 10-02-2025 को जनपद के थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो पुलिस टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस-102 शामिल हैं। इसके अलावा, महिलाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान और साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में सही कदम उठा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

## श्री शिव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के मोहल्ला रामनगर पारस गेट के पास स्थित श्री शिव मंदिर (गनेशी वाला) की चौथी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी महाराज को चोला अर्पण करने से हुई, इसके बाद भगवान आशुतोष जी महाराज का रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर के महंत पंडित कामता प्रसाद शास्त्री और कौशल किशोर शास्त्री ने विधि-विधानपूर्वक हवन यज्ञ संपन्न कराया। हवन यज्ञ के मुख्य यजमान शिव मंदिर के संरक्षक राजीव सैनी और उनकी धर्मपत्नी राजदुलारी सैनी रहे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शिव मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया, जिससे मंदिर का माहौल भक्तिमय हो गया। इस शुभ अवसर पर संस्कार सैनी, चिरंजी लाल सैनी, नानक सैनी, त्रिलोक चंद शर्मा, अनिल सिंघल, कुलदीप सिंघल, धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, अनुराग तोमर, गुड्डू, नरेश कुमार गुर्जर, डॉक्टर संचय अग्रवाल, डॉक्टर शोभा आनंद, हेमंत कंसल, परमानंद सैनी, कन्हैया सैनी, महेंद्र सैनी, राजीव अग्रवाल, प्रशांत तोमर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री शिव मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव ने नगरवासियों को एकजुट कर भक्ति और सेवा के भाव को और प्रगाढ़ किया।

## सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षार्थियों को तनाव मुक्त करने और उनकी परीक्षा की तैयारियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन को ध्यानपूर्वक सुना। विद्यालय के चेयरमैन वी. के. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के लिए सुनियोजित योजना बनाना आवश्यक है और पूरी एकाग्रता के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूरी बनाने की सलाह भी दी, ताकि वे ध्यान भटकाए बिना अपनी पढ़ाई पर केंद्रित रह सकें। विद्यालय के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि योग और ध्यान को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर शुभम अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, अध्यापक मोहित गर्ग, अंजलि त्यागी, महेश गुप्ता, आयूषि, मुश्ययदा, कपिल सहित कई शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## नाली निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नगर में आज वार्ड नंबर 16 में शनिदेव मंदिर से ओम रेस्टोरेंट तक नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने की और स्थानीय निवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वार्ड सभासद देवपाल सिंह, ठेकेदार मोहित मावी सहित कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। नाली निर्माण से क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने की राजस्व वसूली व कर-करेत्तर की समीक्षा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों, राजस्व वसूली और कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आरसी की वसूली नियमित कराने और राजस्व लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा में विभिन्न राजस्व धाराओं में दायर वादों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया गया।

पुराने वादों को मेरिट के आधार पर हल करने, न्यायालय से जारी आदेशों को रजिस्टर और ऑनलाइन दर्ज करने तथा अविवादित विरासत पोर्टल पर लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलों में फरियादियों की समस्याओं का नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने और आईजीआरएस पोर्टल व जनसूचना अधिकार 2005 के अंतर्गत शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की भी हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को अपने अधीनस्थों के साथ नियमित बैठक करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, किसानों की फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य को प्राथमिकता देने और सीएससी के माध्यम से इसे पूरा कराने पर बल दिया गया।

किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिए फैमिली आईडी आवश्यक होने की जानकारी गांवों में प्रचारित करने तथा राशन डीलरों से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) श्री अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशांत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत चार लोगों पर केस दर्ज



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। निकटवर्ती ग्राम में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका चंचल की शादी ग्राम समकोला निवासी अरुण से 17 जनवरी 2024 को हुई थी। मृतका के पिता महावीर ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी में लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए थे, इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और लगातार दहेज की मांग करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था और उसे धमकी दी जाती थी कि यदि और दहेज नहीं मिला तो जान से मार दिया जाएगा। घटना के दिन ससुराल पक्ष ने मायके में फोन कर सूचना दी कि चंचल बाथरूम में गिर गई है। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि चंचल का शव चारपाई पर पड़ा था और उसके गले पर फंदे के निशान थे। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत के आधार पर पति, सास, ससुर और चाचा ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की चार माह की बच्ची भी है, जो अब पूरी तरह से अनाथ हो चुकी है। उसकी परवरिश को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसपी बुलंदशहर ने नवनिर्मित पुलिस चौकी दरियापुर का किया उद्घाटन









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने आज थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से नवनिर्मित पुलिस चौकी दरियापुर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक ऋजुल, थाना प्रभारी कोतवाली देहात सहित क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। इस चौकी के संचालन से स्थानीय क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# नगर में पुलिस का पैदल गश्त, संदिग्धों से पूछताछ कर दी चेतावनी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



शिकारपुर। (रीशू कुमार)। नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और जनता में सुरक्षा का अहसास कराने के लिए पुलिस द्वारा पैदल गश्त किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार दुबे और कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। कोतवाली परिसर से निकलकर पुलिस टीम ने खुर्जा अड्डा, बड़ा बाजार, छोटा बाजार, बर्फ चौराहा, सर्राफा बाजार, इमली बाजार और पैठ चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए व्यक्तियों से कड़ी पूछताछ की गई और उन्हें सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रमुख मंदिरों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड का मूवमेंट भी तेज कर दिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की घटनाओं को रोका जा सके। कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार ने बताया कि नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। अराजक तत्वों को चिन्हित कर उन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यदि कोई कानून व्यवस्था में बाधा डालने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उसे जेल भेजा जाएगा। गश्त के दौरान एसआई विजय सिंह, एसआई चंद्रपाल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जनपद बुलंदशहर में वर्ष 2012 में घटित हत्या के एक मामले में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए पांच दोषियों को सश्रम आजीवन कारावास तथा दो अभियुक्तों को 55,000-55,000 रुपये और तीन अभियुक्तों को 60,000-60,000 रुपये के अर्थदंड की सजा दिलवाई गई। यह मामला वर्ष 2012 का है, जब अभियुक्त मुल्ला जमील, बक्शा, माजिद, मुल्ला फारुख और तोसिफ ने मिलकर हामिद नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस मामले में थाना कोतवाली नगर में हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मुकदमे दर्ज किए और दिनांक 11 सितंबर 2013 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत इस मामले को विशेष रूप से चिन्हित किया गया और मॉनिटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 10 गवाहों की पेशी कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप न्यायाधीश हरिकेश कुमार (एडीजे/एफटीसी-01, बुलंदशहर) ने दोष सिद्ध पाए गए अभियुक्तों को कड़ी सजा सुनाई। न्यायालय ने मुल्ला जमील और माजिद को सश्रम आजीवन कारावास के साथ 55,000-55,000 रुपये तथा बक्शा, मुल्ला फारुख और तोसिफ को सश्रम आजीवन कारावास और 60,000-60,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक केशव देव शर्मा और कुश कुमार का विशेष योगदान रहा, जिसकी सराहना की गई।

## लॉरेंस अकादमी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के प्रतिष्ठित लॉरेंस अकादमी प्रांगण में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सहीमुद्दीन मेवाती, निर्देशक शोएब मेवाती, प्रधानाचार्या सतपाल कौर, उप-प्रधानाचार्या शिवांगी अहलावत, शिक्षकगण और विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका शीना चौधरी, वैशनवी वर्मा, निधि जीनवाल, स्मिता चौधरी एवं समस्त स्टाफ तथा कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को हर्ष और भावनात्मक रूप से विदाई दी। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, जिसमें प्रेरणात्मक प्रसंग, भाषण और विदाई गीतों पर विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल अनुभव यादव और मिस फेयरवेल जीया खान को चुना गया, जबकि स्टूडेंट ऑफ द ईयर तनिष्का अग्रवाल बनीं। लक्ष्य शिशोदिया को हेड बॉय और दीक्षा चौधरी को हेड गर्ल घोषित किया गया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन की सच्चाइयों को समझने का भी माध्यम है। उन्होंने छात्रों को सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत को अपने जीवन का आधार बनाने की सीख दी। उप-प्रधानाचार्या ने कहा कि यह दिन सभी के लिए भावनात्मक और स्मरणीय है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और संघर्ष का स्मरण कराते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक ने विद्यार्थियों को उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके सभी प्रयास सफलता और उपलब्धियों से भरे हों। उन्होंने छात्रों को नई चुनौतियों का सामना करने और अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। निर्देशक ने कहा कि यह अवसर भावनाओं से भरा हुआ है।

एक ओर जहां खुशी है कि विद्यार्थी एक नए सफर की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विद्यालय को अपने विद्यार्थियों को विदा करने का गर्व और हल्का सा दु:ख भी है। उन्होंने छात्रों को यह याद दिलाया कि सफलता केवल अंकों या डिग्रियों से नहीं, बल्कि समाज में किए गए सकारात्मक योगदान से मापी जाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता मौ. खालिद, विवेक शर्मा, अब्दुल कादिर, इमरान खान, शिव कुमार शिशोदिया, रवि कुमार, योगेश शर्मा, लोकेन्द्र सिंह, रेखा अग्रवाल, शीना चौधरी, शैफाली सक्सेना, ममता तेवतिया, वैशनवी वर्मा, निधि जीनवाल आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और अपने परिवार, समाज, विद्यालय और देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। विदाई समारोह के दौरान सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी विद्यार्थियों और अतिथियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि सभी विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से सफलता की ऊंचाइयों को छुएंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## बुलंदशहर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अनैतिक देह व्यापार मामले में तीन को कठोर कारावास

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी कर अनैतिक देह व्यापार करवाने की तैयारी करने वाले तीन आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास और दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दिलवाई। मामला वर्ष 2015 का है, जब थाना पहासू क्षेत्र में एक लड़की को वेश्यावृत्ति के लिए बेचने की तैयारी की जा रही थी। इस सिलसिले में अभियुक्त यामीन पुत्र बुंदू, उसकी पत्नी श्रीमती बानो और श्रीमती रानी पत्नी शमशाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। दिनांक 15 सितंबर 2015 को थाना पहासू में धारा 5 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था और पुलिस ने 23 फरवरी 2016 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित किया गया और मॉनीटरिंग सेल बुलंदशहर ने प्रभावी पैरवी की। अभियोजन पक्ष द्वारा तीन गवाह प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर न्यायाधीश वरुण मोहित निगम (एडीजे/एफटीसी-02, बुलंदशहर) ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास के साथ दो-दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस फैसले में अभियोजन पक्ष के वकील विजय शर्मा और ईशान चौधरी की भूमिका सराहनीय रही। बुलंदशहर पुलिस की इस बड़ी सफलता से अपराधियों में भय और कानून व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय में विश्व दलहन दिवस एवं कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय में आज विश्व दलहन दिवस और कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दलहन के पोषण और स्वास्थ्य में महत्व को समझाना तथा पेट के कीड़ों की रोकथाम के प्रति छात्राओं को जागरूक करना था। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने दलहन की कृषि और आर्थिक उपयोगिता पर जानकारी साझा की और डी-वॉर्मिंग से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोलियाँ वितरित की गईं, जिससे वे पेट के कीड़ों से सुरक्षित रह सकें।

साथ ही, छात्राओं ने दलहन आधारित आकर्षक चार्ट और पोस्टर बनाकर प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए संतुलित आहार में दलहन की भूमिका पर प्रकाश डाला और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा सिंह और प्राध्यापिका कु. कृतिका गर्ग द्वारा किया गया। इस आयोजन से छात्राओं में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी, जिससे वे अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकेंगी।

# जेएमएसआईटी गाजियाबाद में विक्ड अड्डा का बहु उद्देशीय धमाल





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़/एनसीआर (पुष्पेन्द्र कुमार) संस्थान अपने छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास व शत प्रतिशत प्लेसमेंट के उद्देश्य के अनुरूप समय-समय पर विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित करता रहता है। इसी क्रम में आज डॉ0 हिमांशु सिंघल (सेक्रेटरी) की अनुमति व प्रो. (डॉ0) अनिरुद्ध विश्वास (निदेशक) व प्रो. (डॉ0) प्रवीण कुमार गुप्ता (प्राचार्य) के दिशा निर्देश में टीवीएस राइडर्स व दैनिक जागरण के संयुक्त तत्वाधान में एक बहुउद्देशीय कार्यक्रम विक्ड अड्डा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सुप्रसिद्ध एंकर अमित माथुर (F M एंकर), सुपरवाइजर कमल मिश्रा, प्रमोटर भीम व अशोक ने पूर्ण मनोयोग से चार घंटे के मैराथन कार्यक्रम में अनेक शानदार रोचक कंपीटिशन, एक्टिविटीज, राइड्स, लक्की ड्रॉ व फोकस एक्टिविटीज आदि कराई। सड़क सुरक्षा, महिला शशक्तिकरण, आत्म बल, छात्र छात्राओं की अभिव्यक्ति व ध्यान एकाग्रता के चमत्कार, कार्यक्रम के केंद्र में रहे। लाफ्टर चैलेंज, अविचलित ध्यान के लिए व्युत्क्रम z से a तक बोलना, गायन, एक्टिंग, शायरी व टीवीएस बाइक राइडिंग अनुभव से सजे कार्यक्रम का सभी छात्र छात्राओं ने खूब आनंद लिया।

संस्थान के सेक्रेटरी डॉ0 हिमांशु सिंघल जी ने लकी ड्रा के कूपन निकाले जिसमें प्रथम पुरस्कार, सैमसंग A 15 मोबाइल नितेश कुमार (पॉलीटेक्निक प्रथम वर्ष) को; Rs 500 के वाउचर्स मीनाक्षी (बीबीए द्वितीय वर्ष), इमरान चौधरी (डी फार्म) व शमशुद्दीन (बी फार्म) को, अनेक छात्र छात्राओं को पॉप शोकेट्स और की-चैन गिफ्ट में दी गईं। सभी छात्र - छात्राएं इस शानदार कार्यक्रम से और गिफ्ट्स पाकर खूब प्रसन्न दिखे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की हुई बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ।( पुष्पेन्द्र कुमार) जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं के सम्बंध में अवगत कराया गया।

जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के अन्तर्गत 889 (आंगनबाड़ी केन्द्र 798 तथा मिनी आंगनबाडी केन्द्र 91) के सापेक्ष कुल 889 आंगनबाडी केन्द्र (आंगनबाड़ी केन्द्र 798 तथा मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र 91) संचालित हैं। उक्त आंगनबाडी केन्द्रों में 696 आंगनबाड़ी कर्मचारी कार्यरत हैं। शेष 193 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार 798 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के स्वीकृत पदों के सापेक्ष 607 आंगनबाडी सहायिकाएँ कार्यरत हैं। अवगत कराया गया कि जनपद के अन्तर्गत गर्भवती महिला 7264, धात्री महिला 5971. 0 से 06 माह के बच्चें 5229, 06 माह से 03 वर्ष के बच्चें 49006 तथा 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के 31001 बच्चें, कुल 98471 लाभार्थी पंजीकृत हैं। माह दिसम्बर, 2024 में 93 सैम बच्चें चिन्हित किये गये हैं। अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर, 2024 का पोषाहार 20 जनवरी, 2025 के उपरान्त जनपद में प्राप्त हुआ है, जिसका वितरण आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पूर्ण करा दिया गया है। माह नवम्बर, 2025 का राशन फरवरी में प्राप्त हुआ है जिसे बाल विकास परियोजनाओं से आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए वितरित किया जा रहा है। जिसके उपरान्त लाभार्थियों को प्राप्त करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदया द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये गये कि मार्च, 2024 में 138 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पदों पर भर्ती प्रकिया जल्द से जल्द पूर्ण की जाये। समस्त चिन्हित सैम बच्चों को विभाग द्वारा प्राप्त पोषाहार को नियमानुसार प्राप्त कराया जाये तथा समस्त सैम बच्चों का पंजीकरण ई-कवच पोर्टल पर ए0एन0एम0 के माध्यम से कराकर अवश्यकतानुसार संदर्भन कराया जाना सुनिश्चित करें। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिमाह पोषण ट्रैकर ऐप पर शत् प्रतिशत लाभार्थियों का वजन एवं लम्बाई दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा समस्त केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को नियमानुसार पोषाहार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एम0ओ0आई0सी0. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला विशेषज्ञ, कम्यूनिटी आउटरिच, टी0एस0यू0 तथा समस्त मुख्य सेविका उपस्थित रहें।

# थाना पिलखुवा पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 58/25 धारा 304 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को बडौदा हिन्दुवान कट के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, अवैध असलहा व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार किए अभियुक्तों का नाम रिषी पुत्र अमन निवासी अम्बेडकर नगर नवीन मन्डी गढ रोड थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़, सनी पुत्र नरेश निवासी मौहल्ला भीमनगर थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़, यश पुत्र पवन कुमार निवासी अम्बेडकर नगर नवीन मन्डी गढ रोड थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा मोबाइल फोन पर बात करते समय राहगीरों से उनके मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं कारित की जाती थी इनमें पास एक ओपो मोबाइल फोन चार अन्य मोबाइल फोन जामा तलाशी पर दो अवैध चाकू एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर घटना में प्रयुक्त स्पलेन्डर मोटर साइकिल रजि0न0 UP37 P 0378 बरामद की गई है ।

# मासिक पंचायत के दौरान भाकियू टिकैत ने कई मुद्दों पर भरी हूंकार दिया अल्टीमेटम आगामी 10 मार्च को नगर पालिका में हो सकती है तालाबंदी।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत के दौरान एसडीएम संबंधित ज्ञापन दिया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) गढ़मुक्तेश्वर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की कैंप कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर पर मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। मासिक पंचायत की अध्यक्षता ग्राम अध्यक्ष इरशाद खां और संचालन गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी ने किया। मासिक पंचायत में किसान एवं मजदूरों के मुद्दे उठाए गए इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि सिंभावली, बृजनाथपुर गन्ना मिलों पर कोर्ट द्वारा आरपीआई नियुक्त किए जाने के बाद भी किसानों का गन्ना भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसको जल्द से जल्द ब्याज सहित किसानों का गन्ना भुगतान कराया जाए तहसील स्तर पर जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र अन्य प्रमाण पत्र बनाए जाने में काफी समय खराब कर रहे हैं जिनकी शिकायत लगातार आ रही है जिनकी कार्यशैली में सुधार कराया जाए वहीं नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर द्वारा लगभग एक वर्ष पहले गढ़मुक्तेश्वर स्याना रोड गढ़ शहर की तरफ एक नाले का निर्माण कराया गया था जिसमें इंदिरा नगर महावीर कॉलोनी का पानी डाला जा रहा है लेकिन पानी के निकासी न होने के कारण ग्रामीण व बच्चों सहित संक्रमण रोग अन्य बीमारियां बढ़ रही है।जल्दी ही नाले की निकासी का इंतजाम किया जाए वरना आगामी 10 मार्च को भारतीय किसान यूनियन टिकैत नगर पालिका कार्यालय पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगी और वही ग्रामीणों द्वारा शिकायत आई है कि जनपद की समस्त तहसीलों के ग्राम स्तर पर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहे हैं उनसे ग्रामीण बहुत परेशान है जिनका जबरदस्त विरोध किया जा रहा है जल्दी उन्हें स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए एवं वही खतौनी एवं घरौनी की त्रुटियां अविलंब ठीक कराई जाए। मासिक पंचायत में मौजूद महिला विंग की जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, जिला संरक्षक पी के वर्मा, जिला प्रवक्ता कुमार खुशनूद, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह चौहान उर्फ गुजराल, जिला उपाध्यक्ष महिला विंग की पूनम शर्मा, जिला सचिव महिला विंग की रमा शर्मा, महिला विंग की गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, व सचिव जिला उपाध्यक्ष राजबीरी देवी, जग रोशनी, तहसील अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर श्याम सुंदर त्यागी, हापुड़ तहसील अध्यक्ष चौधरी ओमवीर सिंह, धौलाना तहसील अध्यक्ष रविंद्र सिंह,गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी,सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष पंडित विनोद शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य फैजान अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य आजाद तोमर, चौधरी जितेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, गढ़ नगर अध्यक्ष जगबीर सिंह चौहान,, ललित तोमर, शेखर चौधरी, यामीन खान समेत मौजूद रहे।

# जनपद हापुड़ में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो





जनपद हापुड़ में मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। 10 फरवरी 2025 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर गठित एंटी रोमियो टीमों और महिला सुरक्षा दलों ने गांव, मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में जाकर चौपालों का आयोजन किया। इस अभियान के तहत छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्प डेस्क, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वीमेन पावर लाइन-1090, आत्मरक्षा के टिप्स, गुड टच-बैड टच और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों और आत्मरक्षा तकनीकों के बारे में भी बताया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना तथा समाज में सुरक्षित और आत्मनिर्भर वातावरण तैयार करना है।

# सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल, आरोपी गिरफ्तार




उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

बाबूगढ़, हापुड़ ।सोशल मीडिया पर एक युवक की तमंचे के साथ फोटो वायरल होने के बाद बाबूगढ़ पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया। फोटो में दिख रहे युवक की पहचान सत्यम गौतम पुत्र राजेश गौतम, निवासी ग्राम मुजफ्फरा बागड़पुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्राम मुदाफरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। यह घटना क्षेत्र में अवैध हथियारों की बढ़ती समस्या की ओर संकेत करती है। पुलिस प्रशासन इस तरह की अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे हुए है और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर रहा है। मामले की गहन जांच जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी के पास अवैध हथियार कहां से आया।

# साले के बेटों ने संजय वाल्मीकि की धारदार हथियार से की हत्या

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गढ़मुक्तेश्वर के कोतवाली क्षेत्र के गांव नयागांव इनायतपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 45 वर्षीय संजय वाल्मीकि की उनके साले के बेटों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी।

यह घटना सोमवार को हुई, जब संजय का शव उनके घर में मिला, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस जांच में पता चला कि संजय की पत्नी की मृत्यु करीब तीन साल पहले हो गई थी, जबकि उनके साले का निधन 11 साल पहले हुआ था। पत्नी की मौत के बाद संजय अपनी विधवा सलहज (साले की पत्नी) को अपने गांव ले आए थे, और दोनों आपसी सहमति से साथ रह रहे थे। यह बात मृतक साले के बेटों को पसंद नहीं आई और वे इससे नाराज थे।

सोमवार को जब वे गांव पहुंचे, तो इस मुद्दे को लेकर संजय से उनका विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर उन्होंने धारदार हथियार से संजय की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ स्तुति सिंह और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस की कार्रवाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

जनपद हापुड़ में ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुलदीप पुत्र सुखपाल निवासी रामलीला ग्राउंड के पास, किसान धर्मकांटा वाली गली, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा भी बरामद किया है। हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने मु.अ.सं. 61/25 धारा 109, 351(2) बीएनएस में वांछित नामजद अभियुक्त को डूहरी पेट्रोल पंप के पीछे मैदान से गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा की गई फायरिंग की घटना से इलाके में भय का माहौल बना हुआ था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से न केवल आरोपी को गिरफ्तार किया गया, बल्कि उसके पास से अवैध हथियार भी बरामद हुआ। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य जनपद में अपराधों पर लगाम लगाना और अवैध हथियारों के प्रसार को रोकना है, जिससे कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ स्थित पुराने हाईवे पर सोमवार को तीन वाहनों की भिड़ंत हो गई। सड़क हादसे के दौरान चीख पुकार मच गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार



जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ स्थित पुराने हाईवे पर सोमवार को तीन वाहनों की भिड़ंत हो गई। सड़क हादसे के दौरान चीख पुकार मच गई। इस दौरान घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामला कुचेसर चौपला से हापुड़ की ओर जाने वाले रास्ते का है। जब सोमवार की सुबह एक सवारी से भरा ऑटो हापुड़ आ रहा था जिसे पिकअप ने साइट मार दी। सड़क हादसे के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। इस दौरान एक बाइक भी ऑटो की चपेट में आ गई। बाइक सवार सड़क पर गिर गया जिसे गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर राहगीर व स्थानीय लोग एकत्र हुए और पुलिस को मामले से अवगत कराया। इस दौरान ऑटो पलट गया। हादसे के दौरान यातायात भी प्रभावित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और ऑटो को सीधा कराकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मजदूर- किसान, आम जनता विरोधी बजट के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने जंतर मंतर नई दिल्ली पर किया विरोध प्रदर्शन- गंगेश्वर दत्त शर्मा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नई दिल्ली, मोदी सरकार के जन विरोधी बजट के खिलाफ आज सीटू,एचएमएस, इंटक, एआईयूटीयूसी, यूटीयूसी, सेवा,मेक, एआईसीसीटीयू, आईसीटीयू, के कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर नई दिल्ली पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड तपन सैन ने बजट के मजदूर किसान व आमजन विरोधी प्रावधानों को रेखांकित करते हुए सरकार के जन विरोधी बजट की कड़ी निंदा किया। सीटू नेता अनुराग सक्सेना ने कहा कि बजट में महंगाई, बेरोजगारी, असमानता को नियंत्रित करने का कोई प्रावधान नहीं है। सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यह बजट बड़े औद्योगिक घरानों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस बजट में जन समस्याओं और जनकल्याणकारी मुद्दों से कुछ लेना-देना नहीं है सच में यह बजट भारत की जनता, किसानों, मजदूरों, गरीबों और बेरोजगारों के साथ धोखा है क्योंकि इस बजट से उन्हें कोई राहत नहीं मिलने जा रही है। प्रदर्शन में नोएडा से सीटू नेता राम स्वारथ, रमाकांत सिंह, रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन को कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय नेताओं ने भी संबोधित किया।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 12 फरवरी तक नहीं मिलेगा वीआईपी पास



अयोध्या । महाकुम्भ के चलते राम मंदिर में वीआईपी और विशिष्ट दर्शन की भी होड़ लगी हुई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रशासन ने बताया है कि 11 फरवरी तक राम मंदिर के वीआईपी पास फुल हो चुके हैं। इसलिए 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के दिन वीआईपी पास जारी करने पर रोक रहेगी। वहीं बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन की अवधि फिर बढ़ा दी गई है। सुबह चार बजे से भगवान की मंगला आरती के बाद पांच बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन मिलना शुरू हो जाता है। इस समय भीड़ के दबाव को देखते हुए राम मंदिर रात 11 बजे तक आम श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जा रहा है। राम मंदिर में प्रतिदिन चार हजार के लगभग वीआईपी दर्शन कराए जा रहे हैं। वीआईपी दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से सात स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट दो से तीन दिन पहले ही बुक कर लिए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अग्रिम बुकिंग की सुविधा की गई थी।

अभी 11 फरवरी तक के सभी स्लॉट फुल हो चुके हैं। बता दें कि महाकुम्भ से लौटे और राम नगरी में दर्शन कर महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं से अयोध्या में भारी भीड़ है। सभी सड़कों पर जाम हैं।

पिछले 20 दिनों में रामलला के दरबार में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। राम जन्मभूमि मंदिर में प्रतिदिन तीन लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

# नोएडा में अजीब हरकते होती रहती हैं ऐसा ही एक मामला आया है अंगूठी चोरी होने पर लगवाए मिसिंग पम्पलेट

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। शहर में कई स्थानों पर अंगूठी खोने के पंपलेट लगाए जाने का मामला सामने आया है। वेलेंटाइन वीक में यह चर्चा का विषय बन गया है। इंटरनेट मीडिया पर पंपलेट की फोटो भी वायरल हुई और फिल्म सिटी, फेज वन व सेक्टर 39 थाना क्षेत्रों में भी इनके लगाए जाने की चर्चा है। नोएडा पुलिस मामले की जांच कर रही है जिन स्थानों पर पंपलेट लगाए गए हैं, वहां की सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर जोर है। उधर, हाल ही में बॉटनिकल मेट्रो स्टेशन के आसपास एफओबी से लेकर मेरठ तक साड़ी बाबू के पोस्टर भी लगाए गए थे। कई स्थानों पर लगाए गए पंपलेट पर लाल रंग की गुमशुदगी की मुहर लगी है और लिखा है अंगूठी खो गई है, कृपया मदद करें। बहुत कीमती और भावनात्मक रूप से जुड़ी अंगूठी खो गई है। यह हमारे लिए बहुत खास है और इसे वापस पाना बहुत जरूरी है। अगर किसी को यह अंगूठी मिले या इससे संबंधित कोई जानकारी हो तो गार्ड साहब (एफसी-24) को बताएं। अंगूठी लौटाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

## शहर के तीन इलाकों में दूर होगा पानी का संकट, महापौर ने किया नलकूप निर्माण कार्य का लोकार्पण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)। शहर के विभिन्न इलाकों में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम और जलकल विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से जल निगम नगरीय की ओर से शंकरगढ़ कोठी में सामान्य क्षमता रीबोर नलकूप का निर्माण कराया जा रहा है। रविवार को महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने इस नलकूप के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाधान होगा। महापौर ने शहर के दो अन्य इलाकों में भी मिनी नलकूप निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। हटिया पुलिस चौकी में मिनी रीबोर नलकूप तथा महाकुंभ मेला के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से महाबीरन गली में नए मिनी नलकूप के अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद नीरज गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष राजू पाठक, प्रमोद जायसवाल, गिरीजेश मिश्रा, महाप्रबंधक जलकल कुमार गौरव, अधिशाषी अभियंता जलकल उमेश प्रसाद, अवर अभियंता अजय भास्कर समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संगम से लौट रही बस पलटी, 12 श्रद्धालु घायल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)। प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। संगम स्नान से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे 12 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना करछना तहसील से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर हुई। बस संगम स्नान करके श्रद्धालुओं को लेकर करछना नारीबारी के रास्ते मध्य प्रदेश के रीवा जा रही थी। रास्ते में अचानक एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई। बस में सवार बलराम यादव ने बताया कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों के साथ संगम स्नान के लिए आए थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रही है। सभी घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## प्रयागराज में सड़क हादसा- कुंभ से लौट रहे परिवार की कार से ट्रैक्टर टकराया, एक की मौत, सात घायल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)। प्रयागराज के बहरिया क्षेत्र में कुंभ स्नान से लौट रहे एक परिवार की कार से ट्रैक्टर की टक्कर हो गई, जिससे 65 वर्षीय सुशीला देवी की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब पैरा लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक कार से टकरा गया। घायलों में राधिका देवी (59), सच्चिदानंद (40), पारस पांडेय (60), गृक्षित पांडेय (14), नर्मदा पांडेय (40), जानवी (16) और भारगवी (16) शामिल हैं। सभी गोरखपुर के बांस गांव के निवासी हैं और कुंभ स्नान के बाद अपनी निजी कार से घर लौट रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बहरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल मैलहा सीएचसी भिजवाया। गंभीर रूप से घायल सच्चिदानंद, पारस नाथ और गृक्षित पांडेय को डॉक्टरों ने स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की ऐतिहासिक जीत, रविदासिया समाज ने दिया खुला समर्थन






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली, जिसमें भाजपा ने 48 सीटों पर विजय प्राप्त की। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ राजवीर सिंह ने बताया कि इस जीत में रविदासिया समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास विश्व महापीठ द्वारा कड़ी मेहनत की गई थी, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। दिल्ली जीत का जश्न भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई सांसद, विधायक और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस जीत को मोदी के गारंटी कार्ड की जीत बताया। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवीर सिंह ने कहा कि इस बार दिल्ली के विधानसभा चुनाव में दलित वोटों ने भी खुलकर भाजपा का समर्थन किया, जिससे पार्टी को ऐतिहासिक बढ़त मिली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और मोदी सरकार की नीतियों की जीत है।

# सिटी कान्वेंट इंटर कॉलेज में 431वां युगऋषि वाड्मय स्थापित







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

लखनऊ । गायत्री ज्ञान मंदिर, इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रांति ज्ञान यज्ञ अभियान के तहत सिटी कान्वेंट इंटर कॉलेज, पारा, राजाजीपुरम, लखनऊ के केंद्रीय पुस्तकालय में युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 79 खंडों का 431वां वाड्मय स्थापित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता श्री व्यास जी मिश्र और श्रीमती कमलावती मिश्र ने अपने प्रिय पुत्री सुश्री अंजली मिश्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह साहित्य भेंट स्वरूप प्रदान किया। साथ ही, कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को हिन्दी अखंड ज्योति पत्रिका भेंट की गई। कार्यक्रम में वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक श्री उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानयज्ञ युगधर्म है। इस अवसर पर श्रीमती उषा सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन संस्थान के चेयरमैन श्री अंकित उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस मौके पर श्री उमानंद शर्मा, श्रीमती उषा सिंह, श्रीमती कमलावती मिश्र, सुश्री अंजली मिश्र, चेयरमैन श्री अंकित उपाध्याय, कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रिया उपाध्याय, कोऑर्डिनेटर श्रीमती आस्था उपाध्याय, प्रबंधक श्री ब्रजेश कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती मुन्नी राय सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह स्थापना ज्ञान के प्रसार और विद्यार्थियों के चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# रालोद ने राहुल गुर्जर को बनाया युवा जिला अध्यक्ष, युवाओं को जोड़ने के लिए नई पहल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में 10 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से एक बड़ा फैसला लिया। पार्टी ने युवा नेता राहुल गुर्जर को बुलंदशहर जनपद का युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें युवा रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष हस्तिनापुर क्षेत्र आसिफ चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार सौंपी। इस फैसले को युवाओं को रालोद से अधिक से अधिक जोड़ने की रणनीति के तहत लिया गया है। रालोद के जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान ने कहा कि राहुल गुर्जर के नेतृत्व में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और युवा वर्ग का समर्थन बढ़ेगा। वहीं, रालोद के वरिष्ठ नेता सतवीर सिंह ने इसे एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए राहुल गुर्जर जैसे ऊर्जावान नेता को जिम्मेदारी देना एक महत्वपूर्ण निर्णय है। प्रदेश सचिव सुनील चरोरा ने कहा कि राहुल गुर्जर के नेतृत्व में युवाओं को संगठित करने और रालोद को सशक्त बनाने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में युवा शक्ति के माध्यम से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर डॉ. कुंवरवीर सिंह, डॉ. मांगेराम सिंह, रोहित मोहित शर्मा, हनीफ प्रधान, मंजीत बार एसोसिएशन, अवधेश ठाकुर सिंह, अंकुर सिंह, नवीन गिरी, अभिषेक पंडित, राहुल डोला, कुलदीप मोहित पंडित, वसीम खान, नितिन सिरोही, मुनेंद्र प्रधान, दीपू गुर्जर, शत्रुघ्न शर्मा, लव कुश ज्ञानी, सनी कुंवर, आमिर अली, सिराज खान, कुंवर शहनवाज खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बुलंदशहर जिला पंचायत उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या- मतलूब अली



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला अध्यक्ष मतलूब अली ने जिला पंचायत वार्ड नंबर 44 के उपचुनाव को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि इस चुनाव में लोकतंत्र की हत्या की गई है। मतलूब अली ने आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 44 के उपचुनाव में पांच प्रत्याशियों—शिवाजी कुमार, विमल कुमार, अशोक कुमार, आनंदपाल सिंह और संजीव कुमार—ने नामांकन दाखिल किया था। लेकिन सत्ता पक्ष के नेताओं ने दबाव बनाकर प्रशासनिक अधिकारियों से उनके नामांकन पत्र निरस्त करवा दिए। इसके विपरीत भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनीता, पत्नी सुरेश चंद्र, का नामांकन स्वीकार कर लिया गया और उन्हें निर्विरोध विजयी घोषित करने की साजिश रची गई। उन्होंने इस घटनाक्रम को अनैतिक करार देते हुए कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की मूल भावना को खत्म कर रही है। सपा इस फैसले की कड़ी निंदा करती है और इस मामले को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखा जाएगा।

पार्टी उनके निर्देशानुसार आगे की रणनीति तय करेगी। इस मौके पर हाजी अख्तर, सुरेश सिंह प्रजापति, चौधरी चंद्रपाल सिंह, रामकुमार यादव, ओमवीर यादव, प्रेमवीर यादव सहित कई सपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की गई।

# भाकियू जवान मजदूर विकास संगठन ने किया संगठन का विस्तार, नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीरपुर। ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान जवान मजदूर विकास संगठन की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर संगठन का विस्तार किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती और किसान, जवान व मजदूरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अलीमुद्दीन सैफी को प्रदेश महासचिव और विपिन कसाना को जिला अध्यक्ष गाजियाबाद नियुक्त किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप फौजी और राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के प्रभारी हेमचंद नागर की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राशिद कुरैशी, प्रदेश महामंत्री फारूक, जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद कासिम, जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर सचिन चक्रधारी सहित कई



अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नियुक्त हुए पदाधिकारियों को संगठन की ओर से शुभकामनाएं दी गईं और उनसे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की गई।

## प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से सीएम डॉ. मोहन यादव की अपील, कहा- 'एक-दो दिन इस मार्ग से न जाएं'



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)। प्रयागराज जाने वाले मध्य प्रदेश के मार्गों पर भारी जाम की स्थिति बनी हुई है, विशेषकर रीवांचल क्षेत्र में जबरदस्त दबाव देखा जा रहा है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कुछ दिन इन मार्गों पर यात्रा करने से बचें। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि जाम में फंसे यात्रियों को हर संभव सहायता दी जाए, जिसमें भोजन, पानी और विश्राम की व्यवस्था शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रयागराज महाकुंभ प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जैसे-जैसे महाकुंभ का समापन नजदीक आ रहा है, श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है, जिससे जबलपुर, कटनी और रीवा से प्रयागराज जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। रीवा-प्रयागराज हाईवे पर करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग चुका है, जिससे हजारों श्रद्धालु फंसे हुए हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश के प्रयागराज से जुड़े मार्गों पर देशभर से श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। रीवांचल में विशेष रूप से अत्यधिक भीड़ के कारण कुंभ मेले की व्यवस्थाओं पर भी असर पड़ रहा है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि जाम में फंसे यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सामाजिक संस्थाएं भी अपने स्तर पर सहायता कर रही हैं। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि यात्रा से पहले मार्ग की स्थिति की जानकारी लें और यदि जाम की स्थिति बनी हुई हो तो किसी सुरक्षित स्थान पर रुककर प्रतीक्षा करें। प्रयागराज में संगम जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर भारी जाम लगा हुआ है, जिससे प्रशासन ने संगम रेलवे स्टेशन को 14 फरवरी तक बंद करने का निर्णय लिया है। अब जाम की समस्या केवल प्रयागराज तक सीमित नहीं रही, बल्कि आसपास के राज्यों में भी देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और स्थिति सामान्य होने के बाद ही महाकुंभ के लिए यात्रा करने का अनुरोध किया है।

## महाकुंभ में ओवरहीट से तीन गाड़ियों में लगी आग, दो जलकर खाक, बाल-बाल बचे लोग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)। प्रयागराज महाकुंभ में भीषण जाम के कारण वाहनों के इंजन ओवरहीट हो रहे हैं, जिससे आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार को 12 घंटे के भीतर लखनऊ रूट पर बेला कछार इलाके में तीन अलग-अलग स्थानों पर वाहनों में आग लग गई।

इनमें से दो गाड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो गईं, जबकि एक गाड़ी को समय रहते फायर कर्मियों ने बचा लिया और उसमें सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

शहर में एंट्री प्वाइंट बंद होने और बढ़ती भीड़ के कारण कुंभ क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर आठ से दस किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हालात यह हैं कि एक किलोमीटर की दूरी तय करने में दो से तीन घंटे लग रहे हैं। लंबे जाम के कारण कई गाड़ियों के इंजन ओवरहीट हो गए, जिससे आग लगने की घटनाएं सामने आईं। पहली घटना रविवार तड़के 2 बजे बेला कछार रोड पर हुई, जहां हरदोई सादात नगर निवासी शिम्मी देवी की एमजी हेक्टर कार (UP 14 ER 4003) से अचानक धुआं निकलने लगा। कार में बैठे पांच लोग तुरंत बाहर निकले, लेकिन कुछ ही पलों में गाड़ी जलकर खाक हो गई। दूसरी घटना मलका सराव रोड के ओवरब्रिज के पास हुई, जहां प्रयागराज दरभंगा कॉलोनी निवासी नीतू सिंह की महिंद्रा स्कॉर्पियो एन में आग लग गई। गाड़ी में छह लोग सवार थे, जिन्हें समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तीसरी घटना बेला कछार क्षेत्र में ही हुई, जहां एक मारुति अर्टिगा से धुआं निकलने लगा। फायर कर्मियों और राहगीरों ने शीशा तोड़कर गाड़ी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर ब्रिगेड के अधिकारी सीएफओ रवींद्र मिश्रा ने बताया कि तीन स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। एक गाड़ी को जलने से पहले ही बचा लिया गया, जबकि दो गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जाम में अधिक समय तक न फंसे रहने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अपनी गाड़ियों का ध्यान रखें।

# रतन इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के गंगानगर स्थित रतन इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र राजौरा, विद्यालय के निदेशक डॉ. बृजपाल सिंह और प्रधानाचार्य अजय गर्ग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस खास अवसर पर छात्रों ने सरस्वती वंदना, समूह गान, मीरा नृत्य, भाषण और नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सभी ने खूब सराहा। विद्यालय के निदेशक डॉ. बृजपाल सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय की स्थापना, उसके इतिहास और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और सभी क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

उन्होंने बीते वर्ष की उपलब्धियों को याद करते हुए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य अजय गर्ग ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में विद्यालय नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विद्यालय की उन्नति और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परिषद के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि रविंद्र राजौरा, प्रधानाचार्य अजय गर्ग, निदेशक डॉ. बृजपाल सिंह और विद्यालय की मैनेजर बिना कुमारी ने मेधावी छात्रों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को मिठाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ की कविता लोधी, शीतल वर्मा, कविता शर्मा, भावना शर्मा सहित कई शिक्षकों और अभिभावकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां सभी ने विद्यालय की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## किसानों के सम्मान में भाकियू भानु मैदान में, पैदल यात्रा स्थगित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (अंकित पंडित)। भारतीय किसान यूनियन भानु की किसान समस्या समाधान पैदल यात्रा, जो प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय उमरगढ़ इमलिया से प्रधानमंत्री आवास दिल्ली तक जानी थी, फिलहाल स्थगित कर दी गई है। युवा मेरठ मंडल अध्यक्ष गौरव प्रधान ने बताया कि पुलिस प्रशासन, गौतमबुद्ध नगर के सांसद महेश शर्मा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आश्वासन पर ठाकुर योगेश प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारियों की सहमति से यात्रा रोकने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष ठाकुर सुनील सिंह ने कहा कि किसानों को इस फैसले से बड़ी जीत हासिल हुई है और उन्होंने सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला, तहसील स्तरीय पदाधिकारियों एवं किसान भाइयों को एकता बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया।



# के डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। के डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लखावटी में सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक अर्पित ठाकुर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया। अर्पित ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा छात्रों के हित में इस कार्यक्रम का आयोजन परीक्षा से पहले करते हैं, ताकि वे परीक्षा के तनाव को दूर कर आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसी उद्देश्य से स्कूल प्रबंधन भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे बच्चों को न केवल परीक्षा के लिए बल्कि जीवन की अन्य चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार किया जा सके। प्रधानाचार्य विभा शर्मा ने परीक्षा के दौरान सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने के महत्व को समझाया और छात्रों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे छात्र-छात्राओं ने बड़ी रुचि और ध्यान से सुना। कक्षा 10 के छात्र नितिन ने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बेहद उपयोगी रहा, अब वह परीक्षा को एक डर की बजाय एक अवसर के रूप में देखेंगे। वहीं, कक्षा 12 की छात्रा कशिश ने कहा कि इस कार्यक्रम से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे निडर होकर परीक्षा देंगे, परिणाम चाहे जो भी हो। सभी अध्यापकों ने छात्रों को परीक्षा से संबंधित टिप्स दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी पाया और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित हुए।

# संप्रग के समय 'स्कैम भारत' था, आज मोदी के नेतृत्व में 'सक्षम भारत' है- अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल में देश के बजाय एक परिवार को तवज्जो देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय देश 'स्कैम भारत' था, जो आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 'सक्षम भारत' बन गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश में 'कर आतंकवाद' था, लेकिन आज मोदी सरकार ने पहली बार 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करके मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष को न मध्यम वर्ग से मतलब है, न गरीब से और इसलिए इन घोषणाओं पर वह खुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट को 'बैंडेज बजट' की संज्ञा दी थी। ठाकुर ने कहा कि यह तो 'बूस्टर शॉट बजट' है। उन्होंने कहा, ''आप (कांग्रेस) घाव पर घाव देते रहे, हमने मरहम लगाया है।'' ठाकुर ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश में सामने आए 2जी, कोयला और सीडब्ल्यूजी घोटाले आदि का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में 'स्कैम भारत' था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसे 'सक्षम भारत' की ओर लेकर आए हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों का उल्लेख करते हुए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा समेत लगातार छठे चुनाव में राजधानी में कांग्रेस शून्य पर सिमट गई है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के समय देश का बजट एक परिवार के कल्याण के लिए होता था, आज प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में देश के कल्याण के लिए बजट लाया जाता है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के लिए परिवार प्राथमिकता थी, मोदी के लिए देश प्राथमिकता है।'' ठाकुर ने दावा किया कि 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मध्यम वर्ग पर 97.5 प्रतिशत तक आयकर लगाया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री गांधी के एक भाषण का टेप सदन में चलाने की इजाजत आसन से मांगी, लेकिन पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इसकी अनुमति नहीं दी। ठाकुर ने आरोप लगाया, ''कांग्रेस के समय जो कर मध्यम वर्ग देता था, उससे उनकी तिजोरी भरी जाती थी, लेकिन मोदी सरकार ने देशवासियों को 'कर आतंकवाद' से कर राहत की ओर बढ़ाया है।'' ठाकुर ने कहा कि अब मध्यम वर्ग का पैसा कांग्रेस के खाते भरने के लिए नहीं है, यह मध्यम वर्ग के लोगों के खातों में जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, ''जो लोग सेंसेक्स के गिरने पर खुश होते हैं, जो भारत के नुकसान की बार-बार कोशिश करते हैं और देश को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, ऐसे भारत विरोधी लोगों के साथ कभी देश की जनता खड़ी नहीं होगी।'' ठाकुर ने जातीय जनगणना की कांग्रेस समेत विपक्षी दलों की मांग का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग क्षेत्र और जाति के नाम पर देश को बांटने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एक रहना जानता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राहुल गांधी राजकोषीय घाटे की बात करते हैं, लेकिन उन्हें अपनी पार्टी के घाटे की चिंता करनी चाहिए, राजकोषीय घाटे की चिंता प्रधानमंत्री मोदी कर लेंगे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

रांची । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को रांची आएंगी। उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन ने तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। इस दौरान 1000 पुलिसकर्मी और 10 आईपीएस अधिकारी तैनात रहेंगे। राष्ट्रपति 15 फरवरी को बीआइटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगी। उनके आगमन को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे राजभवन जाएंगी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। ट्रैफिक में भी बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर 14 और 15 फरवरी को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जायेगा। 14 फरवरी को राष्ट्रपति एयरपोर्ट से हरमू बाइपास होकर राजभवन पहुंचेंगी। इस दौरान आधा से एक घंटा पहले ट्रैफिक रोक दिया जायेगा। राष्ट्रपति का काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, ट्रैफिक उसी हिसाब से खोला जायेगा। ट्रैफिक रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट बनाये जायेंगे। ट्रैफिक संभालने के लिए ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं पुलिसकर्मियों को हर रोड में तैनात किया जायेगा।

उनकी सुरक्षा को लेकर डीआइजी सह एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी, एएसपी सीसीआर सहित 10 आइपीएस, 20 से अधिक डीएसपी और काफी संख्या में जिला बल, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा, सुरक्षा में रांची पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल, सेना के जवान की भी तैनाती रहेंगे। रांची पुलिस, रैपिड एक्शन पुलिस, जैप, इको, जिला बल की लाठी पार्टी तैनात रहेगी। ऊंची इमारतों पर भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती की गई है। स्पेशल ब्रांच के पुलिसकर्मी सादे लिबास में विभिन्न इलाकों में तैनात रहेंगे। सेना के जवान भी अपने स्तर से जगह-जगह तैनात रहेंगे।

# हरदोई डीएम मंगला प्रसाद ने दिव्यांग को दिलाया न्याय, मिली दुआयें



हरदोई । आज शाहाबाद तहसील के ग्राम कंतोरी की कांती देवी जिनको आँखों से दिखाई भी नहीं देता, जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी से मिली। उन्होंने बताया कि उनको एक वर्ष से ई पॉस मशीन पर अंगूठा न लग पाने के कारण राशन कार्ड होने के बावजूद राशन नहीं मिल पा रहा है। जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी शाहाबाद व पूर्ति निरीक्षक से वर्चुअल माध्यम से बात की। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिए कि आँखों से दिव्यांग कांती देवी को तत्काल एक साल का लंबित राशन दिलाया जाये। सत्यापन का कार्य ओटीपी के माध्यम से कर लिया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में पूरी संवेदनशीलता से कार्य किया जाये। जिलाधिकारी ने दिव्यांग कांती से कहा कि वह घर जाये, सम्बंधित अधिकारी स्वयं उससे संपर्क करेंगे।दिव्यांग कांती जिलाधिकारी को दुवाएं देते हुए जन सुनवाई कक्ष से निकली।

# बकाया वसूली करने पहुंचे बिजली कर्मचारियों से मारपीट



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। थाना क्षेत्र के ग्राम भावसी में सोमवार को बकाया वसूली के लिए पहुंचे बिजली कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने गाली-गलौज और मारपीट की, जिससे टीम को उल्टे पांव लौटने पर मजबूर होना पड़ा। मामले को लेकर बिजली विभाग के टीजी-2 कर्मचारी ने आरोपी को नामजद करते हुए थाने में लिखित शिकायत दी है, लेकिन पुलिस का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मैथना बिजली घर की वसूली टीम टीजी-2 नानकचंद के नेतृत्व में सोमवार दोपहर भावसी गांव पहुंची थी। टीम ने सात बकायेदारों के कनेक्शन काटने के बाद जब शांति देवी पत्नी नत्थी सिंह का कनेक्शन काटने की कोशिश की, तो पड़ोसी प्रेम पुत्र ज्ञानचंद ने इसका विरोध किया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आया। बढ़ते आक्रोश को देख बिजली विभाग की टीम वहां से लौट गई। बिजली कर्मचारी नानकचंद ने आरोपी प्रेम पुत्र ज्ञानचंद के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में सरकारी कार्य में बाधा डालने और कागजात फाड़ने का भी आरोप लगाया गया है। इस टीम में पंकज, राकेश कुमार, सुरेंद्र, पिंटू कुमार और अजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने बताया कि घटना से जुड़ा वीडियो देखा गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि तहरीर मिलती है तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नेशन पब्लिक स्कूल में बच्चों को खिलाई गई कृमि नाशक दवा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। नेशन पब्लिक स्कूल में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी की टीम ने पहुंचकर कक्षा आठ तक के बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को दवा देने के साथ-साथ इसके लाभ के बारे में भी जानकारी दी। प्रधानाचार्या प्रिया अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के पेट में कीड़े होने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है, जिससे वे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। इससे शारीरिक कमजोरी, खून की कमी और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि यह दवा हमेशा चबाकर खानी चाहिए, जबकि छोटे बच्चों को इसे पानी के साथ दिया गया। विद्यालय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को दवा खिलाने में सहयोग किया।

# दुनिया भर में छात्रों ने देखा परीक्षा पे चर्चा - पीएम मोदी से सीखे तनाव कम करने के टिप्स

नई दिल्ली ।दुनिया भर में फैले भारतीय स्कूलों के हजारों छात्रों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा% (पीपीसी)- 2025 कार्यक्रम को देखा। परीक्षा के तनाव को कम करने और सीखने के प्रति सकारात्मक नजरिए को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण आयोजित हुआ। जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया, नेपाल से लेकर केन्या तक, इसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों उत्साह के साथ भाग लिया। जापान में, इंडिया इंटरनेशनल स्कूल और ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों के साथ-साथ टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास के शिक्षक और प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। ऑस्ट्रेलिया में, कैनबरा में भारतीय उच्चायोग में परीक्षा पे चर्चा की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। भारतीय छात्रों और अभिभावकों ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भारतीय उच्चायोग की तरफ से आयोजित एक विशेष स्क्रीनिंग में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। भूटान में, उत्साही छात्र, अभिभावक और शिक्षक कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए थिम्पू के नेहरू-वांगचुक सांस्कृतिक केंद्र में एकत्र हुए। भूटान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया, सत्र ने छात्रों और अभिभावकों को तनाव मुक्त परीक्षा, नेतृत्व और समग्र शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पड़ोसी नेपाल में, इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण केंद्रीय विद्यालय काठमांडू, मॉडर्न स्कूल काठमांडू और अन्य सीबीएसई स्कूलों में किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र, अभिभावक और शिक्षक तथा काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी शामिल हुए। कतर के भारतीय स्कूलों के कई छात्रों, अभिभावक और शिक्षकों ने भी दोहा में परीक्षा पे चर्चा की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। दूतावास ने कहा, उन्होंने परीक्षा के तनाव और उससे परे प्रबंधन के बारे में प्रधानमंत्री मोदी से सीखने और मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाया। सऊदी अरब में, सीबीएसई स्कूलों के हजारों भारतीय छात्रों ने %परीक्षा पे चर्चा% कार्यक्रम देखा। उच्चायोग ने न केवल कार्यक्रम की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की, बल्कि कुर्सी योग का एक सत्र भी आयोजित किया। केन्या में भारतीय उच्चायोग ने भी कार्यक्रम के आठवें संस्करण की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की, जिसके बाद कुर्सी योग का एक सत्र आयोजित किया गया।

# विजेंद्र गुप्ता ने एलजी को लिखी चिट्ठी, 6 फ्लैग स्टाफ रोड की पुरानी स्थिति बहाल करने की मांग



नई दिल्ली ।रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पुराने आधिकारिक आवास छह, फ्लैग स्टाफ रोड में किए गए अवैध निर्माणों और नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक आवास को जनता के पैसे से एक भव्य %शीशमहल% में तब्दील कर दिया, जो पूरी तरह से अवैध और अनैतिक था। यह निर्माण बिना किसी अनुमति और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना किया गया था। गुप्ता ने अपने पत्र में विस्तार से बताया कि किस तरह केजरीवाल ने 45 और 47, राजपुर रोड स्थित आठ टाइप-वी फ्लैट और 8ए व 8बी फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले को मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में अवैध रूप से जोड़ लिया था। उन्होंने इस अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग करते हुए कहा कि छह, फ्लैग स्टाफ रोड को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए और 8ए व 8बी फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले अलग किए जाएं। यह न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है बल्कि जनता के पैसों की खुली लूट भी है। विजेंद्र गुप्ता ने इस पूरे मामले को एक गंभीर भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के खजाने से करोड़ों रुपये खर्च कर यह आलीशान %शीशमहल% तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की एक तरफ खुद को आम आदमी बताते रहे, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने जनता के पैसों से अपने लिए एक भव्य महल खड़ा कर लिया। गुप्ता ने केजरीवाल के अवैध कब्जे पर तंज कसते हुए कहा कि क्या यह वही अरविंद केजरीवाल हैं, जो सत्ता में आने से पहले सादगी और ईमानदारी की बातें किया करते थे? भाजपा विधायक ने इस मुद्दे को प्रशासनिक और नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए उपराज्यपाल से अनुरोध किया कि इस घोटाले की पूरी जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने सत्ता के नशे में जनता के पैसे को अपनी ऐश-ओ-आराम की जिंदगी के लिए इस्तेमाल किया। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात है। उन्होंने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों को सजा देने की भी मांग की है और कहा है कि इस मामले में उनके द्वारा पिछले साल दी गई शिकायत पर जांच को तेज किया जाए ताकि दिल्ली की जनता को भी पता चले की आम आदमी पार्टी और अपने आप को कट्टर ईमानदार कहने वाले अरविंद केजरीवाल ने किस तरह से उनकी खून पसीने की कमाई को बड़ी बेरहमी से अपने शीश महल पर खर्च कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

# श्री श्याम बाबा खाटू वाले संकीर्तन से पहले प्रकाश व्यवस्था और जर्जर सड़क की अनदेखी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नगर के शिवपुरी स्थित डॉक्टर हेडगेवार पार्क में आगामी 24 मार्च 2025 को भव्य संकीर्तन का आयोजन तय हुआ है। हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए विभिन्न जिलों से आने वाले हैं। लेकिन आयोजन से पहले भूड चौराहे से शिवपुरी तक की प्रकाश व्यवस्था और जर्जर सड़क मार्ग की दुर्दशा को लेकर अब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आयोजन समिति ने 30 दिसंबर 2024 को प्रशासन को एक पत्र लिखकर भूड चौराहे से तहसील वलीपुरा नहर की हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत, डीएवी फ्लावर तक की लाइटों को ठीक कराने, नगर में शिवपुरी तक उचित प्रकाश व्यवस्था तथा रोडवेज बस स्टैंड सुभाष होटल के पास वाली गली के खराब सड़क मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की थी। लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती है। संकीर्तन कार्यक्रम का समय नजदीक आ रहा है और नगर में अन्य जिलों से श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। ऐसे में अगर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और जर्जर सड़क मार्ग की मरम्मत नहीं हुई, तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। आयोजन समिति और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने और आवश्यक सुधार कार्य करवाने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


# आर के पब्लिक स्कूल में बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। आर के पब्लिक स्कूल में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संपन्न कराया गया, जिसमें सूरजपुर टीकरी रोड स्थित स्कूल के विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां दी गईं। प्रधानाचार्य डॉ. सपना श्रीवास्तव ने बच्चों को जानकारी दी कि एल्बेंडाजोल को चबाकर खाना चाहिए, जिससे शरीर में मौजूद कृमि नष्ट हो जाते हैं और स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि सरकार हर साल इस अभियान को चलाती है ताकि बच्चे स्वस्थ और निरोग रहें। इस अभियान के तहत सभी बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र लखावटी के सौजन्य से दवा उपलब्ध कराई गई। स्कूल के सभी अध्यापकों ने बच्चों को दवा खिलाने में सहयोग किया और इस अभियान को सफल बनाया।

# निलंबित लेखपाल पर फिर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद, बुलंदशहर। रिश्वतखोरी के आरोप में निलंबित किए गए लेखपाल वेद सिंह की एक और गड़बड़ी सामने आई है। सोमवार को ग्राम चरौरा मुस्तफाबाद निवासी एक पीड़ित ने जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि लेखपाल ने पैंतीस हजार रुपये लेने के बावजूद विपक्षियों से मिलीभगत कर उनके पक्ष में गलत रिपोर्ट लगा दी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पीड़ित किशन गोपाल पुत्र नत्थी सिंह ने बताया कि उसके पिता के नाम आधा हेक्टेयर भूमि दर्ज है और उसका दाखिल-खारिज पहले ही हो चुका था। बावजूद इसके, गांव के कुछ दबंगों ने जमीन को विवादित घोषित कर दिया और कब्जा करने की कोशिश की। इस संबंध में शिकायत के बाद जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी ने मामले की जांच लेखपाल वेद सिंह को सौंपी। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब लेखपाल जांच करने पहुंचे तो उन्होंने पैमाइश के लिए साठ हजार रुपये की मांग की।

उसने किसी तरह पैंतीस हजार रुपये दिए, लेकिन शेष राशि न दे पाने के कारण लेखपाल ने विपक्षियों से सांठगांठ कर उनके पक्ष में गलत रिपोर्ट तैयार कर दी। गौरतलब है कि इससे पहले भी वेद सिंह पर रामनगर रोड स्थित एक भूमि की पैमाइश के नाम पर सत्तर हजार रुपये लेने और फिर दोनों पक्षों को विवाद में उलझाने का आरोप लग चुका है। इस मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उनके खिलाफ जांच जारी है।

# साबितगढ़ शुगर मिल ने लगातार गन्ना खरीद का तेरहवां भुगतान किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

पहासू (अंकित पंडित)। त्रिवेणी शुगर मिल साबितगढ़ द्वारा किसानों के गन्ना खरीद का भुगतान लगातार किया जा रहा है। 22 जनवरी 2025 से 28 जनवरी 2025 तक की अवधि का 18 करोड़ 51 लाख 93 हजार रुपये का भुगतान गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। लगातार समय पर भुगतान मिलने से किसान बेहद खुश और संतुष्ट हैं। मिल द्वारा पेराई सत्र 2024-25 की शुरुआत से ही लगातार भुगतान किया जा रहा है और इससे पूर्व के सभी भुगतान भी समय से किए जा चुके हैं। मिल के इकाई प्रमुख और ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खंडेलवाल ने आश्वस्त किया कि किसानों के गन्ने का भुगतान समय से मिलता रहेगा और किसी भी किसान को भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में आकर अपना गन्ना अन्यत्र न बेचें, क्योंकि इससे न केवल किसानों बल्कि मिल को भी नुकसान होगा। यदि मिल आर्थिक रूप से मजबूत रहेगी तो किसानों को समय पर भुगतान मिलेगा और क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने किसानों से यह भी आग्रह किया कि वे साफ-सुथरा और जड़-पत्ती रहित गन्ना मिल को सप्लाई करें, जिससे भविष्य में उनका सट्टा और मजबूत हो सके।